>

Title: Need to provide special financial assistance to the drought affected districts of Bihar.

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो : महोदय, बिहार के दो दर्जन से अधिक जिले भयंकर जिले सूखे की लपेट में हैं। पटना, नालंदा, नवादा, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, सासाराम, भगुआ, बक्सर, आरा, सीतामढ़ी और शिवहर आदि जिलों सहित 28 जिलों में वर्षा के अभाव में धान का रोपण नगण्य है।धान की पौध खेतों में सूख रही है। भू जल स्तर काफी नीचे चला गया है।

पशुओं के लिए चारे की समस्या गहराती जा रही है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि उस जिले को सूखाग्रस्त कोष से विशेष धनराशि मुहैया कराई जाए। धन्यवाद।

सभापति महोदय : बिहार में कई जिले सूखाग्रस्त घोषित हुए हैं।